Downloaded from: justpaste.it/Pmmodidonaldtrump

# मोदी एक सच्चे चैम्पियन, भारत के लिए गर्व की बात: Donald Trump



## अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में आज भारत बड़ी शक्ति बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि पिछले दस साल के भीतर भारत ने कई करोड़ लोगों को गरीबी की रेखा से बाहर निकाला।

दो दिन के India (भारत) दौरे पर आए **America (अमेरिका)** के **President Donald Trump (राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप)** ने **Ahmadabad (अहमदाबाद)** में स्थित दुनिया के सबसे बड़े Cricket Stadium (क्रिकेट स्टेडियम), Motera Stadium (मोटेरा स्टेडियम) में कहा कि **Prime Minister Narendra Modi (प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी)** एक True Champion (सच्चे चैम्पियन) है। उन्होंने कहा कि ये सिर्फ Gujarat (गुजरात) के लिए नहीं बल्कि देश के लिए गर्व की बात है कि वे भारत के प्रधानमंत्री हैं, जो असंभव को संभव बना सकते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि पीएम मोदी की अगुवाई में आज भारत विकास की राह पर है जो दुनिया के लिए भी एक मिसाल है।

**US राष्ट्रपति की गाड़ी 'The Beast' का है पटना कनेक्शन, ये है खासियत**

अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में आज भारत बड़ी शक्ति बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि पिछले दस साल के भीतर भारत ने कई करोड़ लोगों को गरीबी की रेखा से बाहर निकाला। अहमदाबाद के मोटेरा स्टेडियम में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप करीब 1 लाख से ज्यादा लोगों को संबोधित कर रहे थे। वहां उन्होंने मोदी सरकार द्वारा लाई गई कई योजना, (उज्जवला योजना, इंटरनेट सुविधा, प्रधानमंत्री आवास योजना) का भी जिक्र किया। राष्ट्रपति ने कहा कि आज भारत दुनिया की सबसे बड़ी शक्ति बनकर उभरा है जो इस सेंचुरी की सबसे बड़ी बात है। उन्होंने मोदी को कहा, 'आपने ऐसा एक शांतिपूर्ण देश होने के साथ हासिल किया है।'

राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी जिंदगी में काफी मेहनत की है और उन्होंने इसकी शुरुआत एक चायवाले से की। राष्ट्रपति ने बताया कि पीएम मोदी ने बचपन में अपने पिता के साथ चाय के दुकान पर काम किया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी से आज हर कोई प्यार करता है लेकिन वे एक टफ इंसान हैं। ट्रंप ने कहा कि भारत ने पिछले लोकसभा चुनाव में 60 करोड़ से अधिक लोगों ने पीएम मोदी को वोट किया और चुनाव में जीत दर्ज कराई।